# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 5 अक्टूबर 2024




## क्षेत्र में दुर्गोत्सव की धूम, धूमधाम से मनाई जा रही नवरात्रि



**नवापारा-राजिम।** वार्ड नं 14 में नवदुर्गा उत्सव समिति के तत्वावधान में बहुत ही धूमधाम के साथ माता की पूजा, आरती में समिति एवं मुहल्ले के लोग लगे हुए है। इसी तरह थाना पारा राज नवयुवक दुर्गोत्सव समिति के तत्वावधान में माता की प्रतिमा विराजी है। वहीं नवापारा-राजिम क्षेत्र में दुर्गात्सव की धूम मची हुई है। दोनो शहर के अलावा आस-पास के सभी गांव में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर बहुत ही श्रद्धा भक्ति के साथ पूजा, आरती में भक्तजन शामिल हो रहे हैं।

### खबर संक्षेप



### बेमचा खल्लारी मंदिर में 415 ज्योत प्रज्ज्वलित

**महासमुंद।** क्वांर नवरात्र महोत्सव पर ग्राम बेमचा के जय मां खल्लारी मंदिर में कुल ज्योत संख्या 415 है। यहां पंडवानी कार्यक्रम किरण साहू ग्राम बोरिद फिंगेश्वर का 6 अक्टूब से 8 अक्टूबर तक समय 6 बजे से होगा। उक्त जानकारी समिति के मीडिया प्रभारी रविकांत चंद्राकर ने दी है।

### रायपुर संभाग शतरंज टीम के कोच बने हेमंत

**महासमुंद।** राजनांदगांव में आयोजित 24 वीं छत्तीसगढ़ राज्य शालेय शतरंज चयन स्पर्धा हेतु रायपुर संभाग की गठित टीम के कोच पिथौरा के हेमंत खुटे को अंडर-17 व अंडर-19 बालक वर्ग का नियुक्त किया गया है। हेमंत ने जानकारी देते हुए बताया कि इस राज्य चयन स्पर्धा में दुर्ग, बिलासपुर, बस्तर, सरगुजा व रायपुर संभाग से 150 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया है। रायपुर संभाग की टीम काफी सशक्त है। उम्मीद है कि प्रदेश की टीम में हमारे संभाग से कई खिलाड़ी अपनी जगह बनाने में कामयाब होंगे। राज्य चयन स्पर्धा का समापन 6 अक्टूबर को होगा।

### शीतला मंदिर परिसर में ज्योति भवन निर्माण का किया भूमिपूजन

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव में अनेक विकास कार्य कराए जा रहे है। इसी कड़ी में वार्ड नंबर 15 गड़ाघाट में विराजे ठाकुर देवता शीतला मंदिर परिसर गड़ाघाट में 5 लाख रुपए से निर्मित ज्योति कक्ष निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। साथ ही रंगमंच का निर्माण कार्य, सावर्जनिक भवन निर्माण कार्य का किया निरीक्षण किया गया। वहीं वार्ड नं 13 भाठापारा पेट्रोल पंप के पास सालों से वीरान पड़े टाउन हॉल का जीर्णोद्धार कराया जा रहा है। इसका भी निरीक्षण किया गया।

### भूमिपूजन : भक्तिन माता चौक नामकरण करने समारोह का आयोजन

# राजिम भक्तिन माता चौक के लिए रामनगर में किया गया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

नवरात्रि के पावन अवसर पर राजधानी रायपुर के रामनगर मुख्य मार्ग पर राजिम भक्तिन माता चौक की स्थापना हुई। राजिम भक्तिन माता की गौरव गाथा यश गाथा को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से परिक्षेत्र साहू समाज रामनगर रायपुर के द्वारा राजिम भक्तिन माता चौक नामकरण करने के लिए एक समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू, प्रमुख अतिथि साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू की अध्यक्षता एवं समिति के कार्यकारी अध्यक्ष कृषि वैज्ञानिक डॉ. नारायण साहू, विशेष अतिथि समिति के महामंत्री डॉ दिलीप साहू, पार्षद मनीराम साहू ,पार्षद भोलाराम साहू ,परिक्षेत्र अध्यक्ष कमलनारायण साहू ,शहर जिला साहू संघ के उपाध्यक्ष देव साहू ,महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजिका चित्रलेखा साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष सुकून साहू ,राधिका साहू ,संपादक माखन साहू उपस्थित थे। अतिथि सत्कार के पश्चात अतिथियों के द्वारा रामनगर मुख्य मार्ग में गुलमोहर पार्क के पास चौक का भूमि पूजन कर राजिम भक्तिन माता चौक नामकरण कर बोर्ड लगाया गया। जहां पर आने वाले समय में राजिम भक्तिन माता की भव्य मूर्ति की स्थापना कर चौक का सौंदर्यीकरण होगा। इस अवसर पर पूर्व पार्षद डॉ. भागवत साहू, खेमलाल साहू, इंद्राणी साहू, सरस्वती साहू, मोहन साहू, सुंदर साहू, बृजेश साहू, रामभगत साहू, मुन्ना साहू, डॉ. रामजी साहू, डॉ. मालिक साहू, दिलेश्वर साहू, महेंद्र साहू, कुमार साहू, अधिवक्ता सुरेश साहू, ईश्वर साहू, तोरण साहू ,रामजी यादव उपस्थित थे।

#### राजिम भक्तिन माता नाम से चौक का नामकरण

प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू ने कहा कि साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के द्वारा पूरे प्रदेश भर के गांव-गांव एवं शहरों में एक चौक-चौराहा एवं एक मार्ग का नामकरण राजिम भक्तिन माता के नाम रखने का अभियान चलाया जा रहा है। जिसके फल स्वरुप छत्तीसगढ़ राज्य की राजधानी रायपुर में इस अभियान की शुरूआत हुई। और साहू समाज की आराध्य देवी राजिम भक्तिन माता के नाम से चौक नामकरण किया गया। यह छत्तीसगढ़ साहू समाज के लिए गौरव की बात है। इस तरह के निर्णय हर नगर और गांवों में लिए जाने चाहिए। ताकि राजिम भक्तिन माता की गौरव गाथा को घर घर पहुंचाया जा सके। समारोह के



प्रमुख अतिथि लाला साहू ने कहा कि एतिहासिक एवं अनुकरणीय कार्य सम्पन्न हुआ है जिसकी वर्षों से प्रतीक्षा थी। इससे छत्तीसगढ़ साहू समाज में नई क्रांति का सूत्रपात होगा। साहू समाज एवं सर्वसमाज के लोग राजिम भक्तिन माता की यश गाथा को जानने समझने का प्रयत्न करेंगे। एवं इस पुनीत कार्य का बीड़ा उठाने वाले कृषि वैज्ञानिक डॉ. नारायण साहू एवं परिक्षेत्र समाज रामनगर का नाम समाज के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा।



## उरमाल में विराजी मां दुर्गा

**मैनपुर।** मैनपुर विकासखंड क्षेत्र के ग्राम उरमाल में दुर्गा उत्सव का पर्व धूमधाम के साथ विधिविधान से पूजा अर्चना कर मनाया जा रहा है। सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति उरमाल द्वारा मां दुर्गा के नव रूपों का मूर्ति स्थापित कर पूजा अर्चना किया जा रहा है। जहां पूजा अर्चना व दर्शन करने बड़ी संख्या मे श्रद्धालु पहुंच रहे है।

## मां ब्रम्हचारिणी दरबार में 610 ज्योत प्रज्ज्वलित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम



नगर के शिवाजी चौक आमापारा में स्थित माँ ब्रम्हचारिणी दरबार में क्वाँर नवरात्र पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। माँ ब्रम्हचारिणी दरबार मंदिर समिति के भरतलाल साहू ने बताया कि माँ ब्रम्हचारिणी माता के दरबार में विधि विधान के साथ शुभ मुहूर्त में 610 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित की गई है माँ ब्रम्हचारिणी के दर्शन के लिए दूर-दूर से भक्त आस्था और विश्वास के साथ दर्शन के लिये आ रहे हैं। माता ब्रह्मचारिणी की आराधना से भक्तों के कार्य सिद्ध होते है। नवरात्र के प्रथम दिवस ही माता के दरबार में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इस अवसर पर माँ ब्रम्हचारिणी दरबार मंदिर समिति के फगेंद्र यदु, मेहतरु साहू, भागीराम साहू, तेजेश साहू, दिनेश्वर साहू, यशवंत साहू, ईश्वर सिन्हा, विजेंन्द्र वर्मा, तीजराम साहू, भुवन साहू ,नारायण देवांगन, गणेश पटेल, तुलसी साहू, संतोष यादव, चुन्नीलाल देवांगन, जनक साहू, लक्ष्मण साहू, रूपलाल साहू, गोलू साहू, बसंत जाधव, बीरेन्द्र साहू, शिवराज साहू, विकास शर्मा, सुरेश यादव मौजूद थे।

# धान की फसल में पेनिकल माईट का हमला


हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला



अंचल में धान की बालियां तो निकल रही है, और धान अधपके हो गये इस समय पेनिकल माईट ऐसा कीट है जो पोषक तत्व को खींचता है। इससे बालियां में दाने नहीं बनते यह शुष्क भूमि में तेजी से फैलता है। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संजय बघेल ने बताया कि यह कीट अनुकूल मौसम में तेजी से फैलता है। बदरा रोगजनक यह कीट 1 से 2 साल तक जीवित रहता है। पैरा या पैरा खाद के जरिए या खेतों तक पहुंचता है। उन्होंने कहा कि पेनिकल माईट के प्रवेश की सबसे सरल पहचान यह है कि प्रवेश के बाद यह पत्तियों पर पहले हमला करता है। इससे पत्तियों पर आंख जैसा छोटा दिखाई देता है। इसके भीतर का भाग भूरा और बाहर का भाग गहरा भूरा होता है। आगे चलकर यह धब्बे मिलकर एक बड़ा धब्बा बना लेते हैं। इसके बाद पौधें होने लगते हैं और असर सीधे उस पोषक तत्व पर डालते जिनकी मदद से बालियों में दाने बनते हैं। यह भी है संकेत पत्तियों के बाद इसका हमला गांठ और बालियों पर होता है। गांठ पर हमले का संकेत, उसके टूटने या धब्बे से मिलता है। बालियों पर यह कीट निशाना उस समय साधता है, जब पुष्पगुच्छ लगने की अवस्था होती है। इसका संकेत पुष्प के सफेद होने और उसके तने में कालापन से मिलता है। इस अवस्था में बालियां तो लगती है लेकिन दाने नहीं बनते क्योंकि यह कीट, दाने के लिए जरूरी पोषक तत्व खींच लेता है। जिसे बाद में बदरा के नाम से पहचाना जाता है। यह है उपाय प्रोपीकोनाजोल का छिड़काव किया जा सकता है। यह दवाइयां नहीं मिलने की स्थिति में कृषि विभाग ने इधियान का छिड़काव करने की सलाह दी है। इस दवाओं के उपयोग में मानक मात्रा का ध्यान रखना बेहद जरूरी माना गया है। इसके अलावा छिड़काव के बाद निगरानी जारी रखने की सलाह भी दी गई है। पेनिकल माईट ऐसा कीट है, जो बालियों तक जाने वाले पोषक तत्व को रोकता है। इसकी वजह से ही बालियों में दाने नहीं बनते। इसलिए ही बदरा की शिकायत आती है। समय रहते जरूरी कीटनाशक का छिड़काव करें, ताकि उत्पादन पर प्रतिकूल असर ना पड़े।

### गांधी जयंती पर रामचरित मानस की प्रस्तुति

**बसना।** स्व. जयदेव सतपथी शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. एसके साव एवं कार्यक्रम अधिकारी एनके प्रधान के मार्गदर्शन में 2 अक्टूबर गांधी जयंती पर रासेयो इकाई द्वारा भव्य रामचरित मानस गायन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी प्रधान द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सत्य अहिंसा एवं उनके जीवन मूल्यों को विस्तृत रूप से व्याख्या की गई। आमंत्रित दिव्य ज्योति मानस मंडली द्वारा बापू के प्रिय भजन रघुपति राघव राजा राम से कार्यक्रम का शुरुवात कर विभिन्न भक्तिमय प्रस्तुति से कार्यक्रम में समां बांधा। शुरू से अंत तक राम भक्तिमय वातावरण से पूरा प्रांगण गूंजायमान रहा। महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं रासेयो के स्वयंसेवक गांधी के जीवन मूल्यों पर भाषण, गीत एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति पूरे हर्षोल्लास के साथ भाग लिया। भक्तिमय गानों में झूमते नजर आए।



### देवगांव में मनोकामना ज्योत प्रज्ज्वलित

**छुईहा बेलर।** कलश स्थापना के साथ गुरुवार से शारदीय नवरात्र प्रारंभ हो गया है। इस पावन अवसर पर विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर दुर्गा प्रतिमा स्थापित की गई हैं। वहीं ग्राम देवगांव के डॉ. राजेन्द्र साहू, लता साहू, तुमेश, मोक्षिदा, रानी साहू के मार्गदर्शन व संचालन में निज निवास में विगत कई वर्षों से काली माता की मुर्ति स्थापना कर आराधना कर रहे हैं। जहां अनेक श्रद्धालुओं द्वारा मनोकामना ज्योत प्रज्ज्वलित किए हैं।

## पेज 11 के शेष...

### मनरेगा में श्रमिकों...

के मांग के आधार पर ग्राम पंचायत में ग्राम सभा की बैठक में अनुमोदन करा कर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर रोजगार सहायक को मनरेगा योजना से स्वीकृति प्रदाय किया गया। रोजगार सहायक द्वारा उक्त प्रस्ताव के आधार पर ग्राम पंचायत के तकनीकी सहायक से कार्य स्विकृति के लिए जरुरी दस्तावेज उपलब्ध कराते हुए संपर्क किया गया। तकनीकी सहायक के द्वारा स्थल निरीक्षण कर कार्य के संबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। स्थल निरीक्षण के पश्चात तकनीकी सहायक के द्वारा कार्य का इस्टीमेट तैयार सिक्योर के माध्यम से जनपद कार्यालय से स्वीकृति के लिए जिला पंचायत को प्रेषित किया गया।

**गहरीकरण के उपरांत निस्तारी की समस्या समाप्त-** ग्रामीणों ने तालाब गहरीकरण के उपयोगिता के बारे में बताते हुए कहा कि पहले इस तालाब में कम पानी रहता था। जिससे तालाब का पानी बहुत गंदा हो गया था और हवा चलने पर इसकी बदबू दूर तक देती थी। बारिश खत्म होने के कुछ दिनों के बाद ही यह सूख जाया करता था। तालाब गहरीकरण के उपरांत यहां पानी काफी भरा रहता है साथ ही यह तालाब काफी सुंदर दिखाई देता है। अब ग्रामीणों को निस्तारी के लिए समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ता। तालाब गहरीकरण होने से समूह की महिलाओं के द्वारा 15 किलो मछली बीज लेकर तालाब में डाला गया जिससे समूह की महिलाओं को आजीविका के साधन के रुप मे काम मिल रहा है। साथ ही महिलाओं को इससे आय अर्जित कर लाभ प्राप्त कर रही है।

### दूतकैंयां में डीजे ...

समूह,युगल एवं एकल डांस होगा। कुल 37000 रुपये की ईनाम राशि विजेताओं को प्रदान किया जाएगा। समूह डांस में प्रथम ईनाम 10001 रुपए, द्वितीय ईनाम 7001 रुपए, तृतीय ईनाम 4001 रुपए रखा गया है। युगल वर्ग में प्रथम ईनाम 5001 रुपए, द्वितीय ईनाम 3001 रुपए और तृतीय 2001 रुपए की राशि तय किया गया। एकल नृत्य के लिए प्रथम ईनाम 3001 रुपए , द्वितीय 2001 रुपए और तृतीय को 1001 रुपए दिया जाएगा। कार्यक्रम को भव्य एवं सफल बनाने के लिए गांव के युवा संगठन एवं समस्त ग्रामवासी जोर-शोर से लगे हुए है।

### ऑपरेटर संघ ने ...

समय-समय पर वेतन में वृद्धि होनी चाहिए। सरंक्षक संतोष साहू ने इस पर जोर दिया कि भाजपा सरकार के दौरान उनकी नियुक्ति हुई थी और अब इसे सही दिशा में ले जाना भी शासन की जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ऑपरेटर संघ की समस्याओं को ध्यान से सुना और उन्हें जल्द से जल्द हल करने का आश्वासन दिया। इस बैठक में उपस्थित प्रतिनिधिमंडल में प्रमुख रूप से प्रदेश अध्यक्ष ऋषिकांत मोहरे, उपाध्यक्ष विनोद जायसवाल, संरक्षक संतोष साहू, जिलाध्यक्ष मोहन चंद्राकर और प्रदेश पदाधिकारी संदीप यादव, वैभव शर्मा, मुकुंद मानिकपुरी शामिल थे।

### चैतरा में दुर्गा प्रतिमा स्थापित



**छुईहा बेलर।** ग्राम चैतरा में सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति के तत्वावधान में शारदीय नवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में दुर्गा मुर्ति की स्थापना किया गया है। जहां पंडा भगत एवं सेवा समिति द्वारा माता की जागरण कर अराधना कर रहे। ग्राम के बच्चे, युवक, वरिष्ठ जनों में काफी उत्साह है। नियत दोनों समय के पूजा में लोग परिवार सहित शामिल हो रहे हैं।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** खल्लारी पुलिस ने 3 अक्टूबर 2024 को मुखबिर की सूचना पर भीमखोज चरौदा से अवैध शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि भीमखोज चरौदा रोड नहर मेंड के पास ग्राम चरौदा में एक व्यक्ति महुआ शराब बिक्री के लिए रखा है। सूचना पर पुलिस मुखबिर के बताए स्थान पर घेराबंदी कर एक व्यक्ति को पकड़ा गया।


### विज्ञापन

जय फणिकेश्वर नाथ महिला एग्रो फार्मर प्रोड्यूसर ग्रुप लिमिटेड फिंगेश्वर के व्यवसाय प्रबंधन, नेतृत्व, समीक्षा वित्तिय मामलों की देखरेख एवं निगरानी हेतु सीईओ का चयन किया जाना है। जिस हेतु आवेदन/बायोडाटा आमंत्रित है। यह भर्ती पूर्णतः अस्थायी रूप से की जायेगी। पूर्णतः एफपीओ के अधीन होगी। इसका किसी भी शासकीय, अर्धशासकीय, निजी संस्था से कोई संबंध नहीं है।

1. यह भर्ती पूर्णतः अस्थायी रूप से की जाएगी तथा पूर्णतः FPO के अधीन होगी इसका किसी भी शासकीय, अर्धशासकीय, निजी संस्था से कोई संबंध नहीं है।
2. छत्तीसगढ़ का मूल निवासी हो।
3. आवेदन प्रारंभ की तिथि **05.10.2024** आवेदन की अंतिम तिथि **21.10.2024** शाम **5:30** बजे तक।
4. आवेदन के लिये बायोडाटा व सभी प्रमाण पत्र का सत्यापित प्रति **21.10.2024** सायं **5:30** बजे तक बिंदु क्र. 11 अनुसार उपलब्ध करायें।
5. **शैक्षणिक योग्यता:-** शासन द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविधालय से कृषि, कृषि विपणन, उधानिकी, कृषि व्यवसाय प्रबंधन, में स्नातक या समकक्ष।
6. **प्राथमिकता:-** ग्रामीण क्षेत्रों में एग्री उत्पाद, वनोपज, स्थानीय उत्पाद के प्रसंस्करण ग्रेडिंग एवं मार्केटिंग में कार्य अनुभव।
7. **अन्य योग्यता:-** हिन्दी, अंग्रेजी एवं स्थानीय भाषा का ज्ञान हो कम्प्यूटर, लेखा एवं डाटा प्रबंधन।
8. **आयु सीमा:-** दिनांक 01.01.2024 की स्थिति में 21 वर्ष से अधिक तथा 45 वर्ष से कम हो।
9. **मानदेय:-** मासिक मानदेय एक मुस्त 20000 से 25000 बी.ओ.डी. सदस्यओं के अनुमोदन उपरांत।
10. **मो. नं.:- 6267206667**
11. आवेदन दिनांक 05.10.2024 से 21.10.2024 तक कार्यलयीन समय शाम 5:30 बजे तक पंजीकृत डाक स्पीड पोस्ट से जय फणिकेश्वर नाथ महिला एग्रो फार्मर प्रोड्यूसर ग्रुप लिमिटेड फिंगेश्वर बिहान कार्यालय जनपद पंचायत फिंगेश्वर पोस्ट-फिंगेश्वर पिन 493992 के पते पर भेजा जा सकता है।

**डायरेक्टर**
**जय फणिकेश्वर नाथ महिला एग्रो फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड**
**विकासखण्ड-फिंगेश्वर, जिला - गरियाबंद (छ.ग.)**









विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, शनिवार 5 अक्टूबर 2024

10 राजिम भक्तिन माता चौक के लिए रामनगर में किया गया...



12 सत्याग्रह पदयात्रा कर शिक्षक ने मांगा अपना अधिकार...





## नवरात्रि विशेष



### तृतीय : चंद्रघंटा

मां दुर्गा का तीसरा शक्ति स्वरुप है चंद्रघंटा। नवरात्रि के तीसरे दिन मां के इसी रुप का पूजन होता है। माता का यह रुप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके माथे पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है। इसी से इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है। इनके शरीर का वर्ण सोने के समान है। उनके दस हाथ हैं। इनका वाहन सिंह है। इनकी पूजा से भक्तों में वीरता, निर्भयता और विनम्रता आती है। नवरात्रि के तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व माना जाता है। हमें मन-वचन-कर्म और काया की विधि विधान के अनुसार पवित्र करके ही मां की पूजा करनी चाहिए। इससे संसार के सारे कष्ट मिटते हैं और साधक को मोक्ष की प्राप्ति होती है। तीसरे नवरात्र को भक्त का मन मणिपुर चक्र में प्रविष्ट होता है। मां की कृपा से उसे अलौकिक वस्तुओं की प्राप्ति होती है। विविध प्रकार की ध्वनियां सुनाई देती है। मां की कृपा से सारे पाप और संकट दूर होते हैं। इनके घंटे की आवाज प्रेत बाधाओं से सदा भक्तों की रक्षा करती है। मां चंद्रघंटा के भक्त जहां भी जाते हैं। उन्हें देखकर अन्य व्यक्ति सुख और शांति का अनुभव करते हैं। मां अपने आशीर्वाद से भक्तों को सदैव शुभफल देने वाली है। माता के इस रुप की आराधना का मंत्र इस प्रकार है।
पिंडजप्रवरारुढ़ा चंडकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते महाचंद्रघंटेति विश्रुता ॥

## खबर संक्षेप

### दूतकैंयां में डीजे डांस स्पर्धा 6 को

**राजिम।** ग्राम दूतकैंयां-खपरी में 6 अक्टूबर रविवार को शाम 6 बजे से भव्य डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें





छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के कलाकार भाग लेकर अपनी कला कौशल का जौहर दिखाएंगे। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मधुबाला रात्रे सभापति जिला पंचायत गरियाबंद मौजूद रहेंगी। अध्यक्षता पुष्पा-जगन्नाथ साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत फिंगेश्वर करेगी। विशेष अतिथि के रूप में ललिता-भागवत साहू जनपद सदस्य फिंगेश्वर, चमेली मल्होत्रा सरपंच ग्राम पंचायत परसदा जोशी, बेनराज सोनी पूर्व सरपंच, भारत यादव उपसरपंच, ललित साहू उपाध्यक्ष साहू समाज पोखरा परिक्षेत्र व पंचगण तथा ग्राम विकास समिति के पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में शेष पेज 10 पर

# मनरेगा में श्रमिकों को तालाब गहरीकरण कार्य से मिली आर्थिक मजबूती

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

■ बेहराडीह में तालाब गहरीकरण होने से समूह की महिलाएं हो रही आत्मनिर्भर

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण अधिनियम (मनरेगा) योजना, ग्रामीण क्षेत्रें में रोजगार उपलब्ध कराने का एक कानूनी प्रावधान है। इस योजना के तहत हर वित्तीय वर्ष में ग्रामीण परिवारों के वयस्क सदस्यों को कम से कम 100 दिनों का रोजगार उपलब्ध कराया जाता है। इस योजना के तहत श्रमिकों को उनके निवास स्थान के आसपास के ही दायरे में ही रोजगार उपलब्ध कराया जाता है। मैनपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत बोइरगांव के आश्रित ग्राम बेहराडीह के ग्रामीणों द्वारा सार्वजनिक तालाब गहरीकरण कार्य कराने की मांग किया गया था। इसके पश्चात पंचायत द्वारा उनके कार्य के मांग के अनुरूप प्रस्ताव तैयार कर जनपद पंचायत में प्रेषित किया गया। तकनीकी स्वीकृति उपरांत तालाब गहरीकरण कार्य के लिए प्रशासकीय स्वीकृति के लिए जिला पंचायत प्रेषित किया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्रामीणों द्वारा निस्तारी व निजी कार्यों के लिए गांव में सिर्फ एक ही तालाब का उपयोग किया जा रहा था। लेकिन तालाब में पानी का ठहराव नहीं होने के कारण ग्रामीणों को निस्तारी के लिए बहुत ही परेशानियों का सामना करना पडता था, जिसके कारण ग्रामीणों के द्वारा तालाब का गहरीकरण कराने का प्रस्ताव रखा गया। ग्राम बेहराडीह के ग्रामीणों द्वारा कार्य शेष पेज 10 पर

**मछली पालन से आय अर्जित कर लाभ प्राप्त कर रही हैं महिलाएं**





## अभियान : भेड़ और बकरियों में पीपीआर टीकाकरण अभियान शुरू

# जिले के 80 हजार बकरी और 33 हजार भेड़ों को लगाए जाएंगे टीके

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद/ मैनपुर

जिले में भेड़ और बकरियों को पीपीआर प्लेग ऑफ शिप एंड गोट्स जैसी घातक बीमारी से बचाने के लिए सघन टीकाकरण अभियान की शुरुआत हो चुकी है। कलेक्टर दीपक अग्रवाल के निर्देशन में 1 अक्टूबर से शुरू हुआ यह अभियान, 31 अक्टूबर तक चलेगा। पशुधन विभाग द्वारा राष्ट्रीय पशु स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जिले के पांचों विकासखंडों में टीकाकरण कार्य किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत लगभग 33,000 भेड़ें और 80,000 बकरियों को टीके लगाए जाएंगे।

पशुधन विकास विभाग के उपसंचालक डॉ. ओंकार प्रसाद तिवारी ने बताया कि पीपीआर रोग अत्यंत संक्रामक है और इससे ग्रसित पशुओं में बुखार, दस्त, निमोनिया और मुंह में छाले जैसे लक्षण दिखाई देते हैं, जिससे उनकी मृत्यु की संभावना रहती है। टीकाकरण से पशुओं की इस जानलेवा बीमारी से रक्षा की जा सकेगी। सघन टीकाकरण अभियान जिले के सभी विकासखंडों में एक साथ संचालित हो रहा है, जिसमें मैनपुर और देवभोग विकासखंडों में भेड़ और बकरियों की सर्वाधिक संख्या पाई जाती है। पशुधन विकास विभाग द्वारा सभी विकासखंडों में संस्था स्तर पर टीकाकरण दलों का गठन किया गया है, जो इस अभियान को सफलतापूर्वक पूरा करने में जुटे हुए हैं।





**टीकाकरण से सेहत में सुधार होगा**

डॉ. ओंकार प्रसाद तिवारी ने बताया कि पीपीआर एक अत्यंत संक्रामक और जानलेवा रोग है, जिससे संक्रमित पशुओं में बुखार, मुंह में घाव, दस्त और निमोनिया जैसे लक्षण प्रकट होते हैं। यह रोग जानवरों की मौत का मुख्य कारण बन सकता है, इसलिए समय पर टीकाकरण बेहद आवश्यक है। इस अभियान का उद्देश्य जिले के सभी भेड़ और बकरी पालन करने वाले पशुपालकों के पशुओं को सुरक्षित रखना है। टीकाकरण से न केवल पशुओं की सेहत में सुधार होगा, बल्कि पशुपालकों को आर्थिक नुकसान से भी बचाया जा सकेगा।

# समाचार प्रकाशन के बाद बीआरसीसी पहुंचे निरीक्षण में

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर



तहसील मुख्यालय मैनपुर से 38 किमी दूर ग्राम पंचायत भूतबेड़ा के आश्रित ग्राम भीमाटिकरा में शौचालय में कार्यालय पांच कक्षाओं के लिए एक कमरा पेड़ के नीचे क्लास लगाकर पढ़ाई इस शीर्षक के साथ हरिभूमि ने 3 अक्टूबर को प्रमुखता के साथ खबर प्रकाशित किया जिसके बाद शिक्षा विभाग मे हड़कंप मच गया और तत्काल स्कूल के निरीक्षण मे विकासखंड स्त्रोत समन्वयक शिव कुमार नागे पहुंचे। स्कूल का निरीक्षण किया और हरिभूमि को चर्चा मे बताया निश्चित रूप से शौचालय के भीतर प्रधानपाठक का कार्यालय है लेकिन यहां एक कमरे का भवन है जहां स्कूल का संचालन किया जा सकता है। स्कूल का समय पर संकुल समन्वयक द्वारा निरीक्षण मॉनीटरिंग नहीं किया जा रहा है। श्री नागे ने बताया कि यहां वर्तमान में जो शिक्षक है उनका पदोन्नति हो चुका है। लेकिन एक शिक्षक होने के कारण जब तक शिक्षक की व्यवस्था नहीं होती तब तक यही पदस्थ रहेंगें। भीमाटिकरा में नया स्कूल भवन निर्माण के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है। यहां नया स्कूल भवन का निर्माण किया जाना है। श्री नागे ने स्कूल मे पहुंचकर बच्चों को कमरे के भीतर बैठाया साथ ही जगह कम होने पर पास ही आंगनबाड़ी में भी कक्षा संचालित करने को कहा है।

**संकुल समन्वयक को किया निलंबित**

वहीं दूसरी ओर देर शाम मिली जानकारी के अनुसार हरिभूमि मे खबर प्रकाशन के बाद जिला शिक्षा अधिकारी गरियाबंद ने इस खबर को संज्ञान मे लेते हुए सहायक शिक्षक एलबी एवं संकुल समन्वयक राजेश कुमार दौरा के द्वारा अपने संकुल अधिन शालाओं का नियमित अकादमिक कार्य नहीं करने के कारण छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 01 (क) (अ,ब,स) के विपरित है। जिसके कारण संकुल समन्वयक राजेश कुमार दौरा को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि मे संबंधित कर्मचारी का मुख्यालय कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी मैनपुर में नियत किया जाता है एवं निलंबित अवधि मे नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी आदेश जारी किया गया है।

# तेंदुए की आमद से दहशत का माहौल

**वन विभाग ने कराई मुनादी, कहा- जंगल की तरफ न जाएं**





हरिभूमि न्यूज ▸▸ रसेला

ग्राम कुडेरादादर के आसपास गांवों में तेंदुए हर रोज लोगों को रात में दिखाई दे रहे हैं। छिदपारा, बाजार पारा नाका के पास, रसेला के गौठान में आते- जाते देखा गया है। लोगों ने बताया कि इस तेंदुए का दो शवक है, लेकिन अभी तक जानवर को छोड़कर किसी भी इंसान को नुक्सान नहीं पहुंचाया है। इसकी सूचना ग्राम कुडेरादादर वाले वन विभाग लिखित जानकारी दी गई। जिसमें वन विभाग पीपरछेडी सहायक परिक्षेत्र अधिकारी कृष्ण कुमार सोनी, वनरक्षक रविकुमार ध्रुव, रेखराम ठाकुर, चौकीदार लोकेन्द्र कोमर्रा कुडेरादादर पहुंचकर वस्तु स्थिति का जायजा लिया गया और सभी ग्रामीणों को अपील करते हुए कहा कि जंगल की तरफ न जाएं। इस दौरान ग्राम प्रमुख बिरेंद्र ध्रुव, झवर अग्रवाल, बिरेंद्र साहू, यशवंत नागेश, ओमप्रकाश नागेश, सुधेराम साहू, बुधराम ध्रुव सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### पुरानी रंजिश के चलते मारपीट जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** तेंदूकोना थाना अंतर्गत बुंदेली चौकी में पुरानी रंजिश के चलते मारपीट, गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी दिए जाने से अपराध दर्ज किया गया है। प्रार्थी श्यामलाल राउत ने पुलिस को बताया कि 3 अक्टूबर को वह घर से मंदिर घूमने निकला था, और नारायण साहू के घर सामने खड़ा था जहां गली में शाम के 6.30 से 7 बजे के करीबन पुरानी रंजिश को लेकर गांव का राजेंद्र बरिहा, करन बरिहा, खेमराज बरिहा गाली देते हुए एक राय होकर जान से मारने की धमकी देने लगे। इस दौरान राजेंद्र बरिहा ने चूड़ा से मारपीट कर दिया, उसके बाद करन बरिहा और खेमराज बरिहा ने आकर जान से मारने की धमकी देते हाथ मुक्का से मारपीट किया। मामले में पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध अपराध धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# ऑपरेटर संघ ने सीएम से की मुलाकात मांगों के शीघ्र समाधान का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद



छत्तीसगढ़ समर्थन मूल्य धान खरीदी कंप्यूटर ऑपरेटर संघ के प्रतिनिधिमंडल ने कल देर रात मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उनके निवास पर मुलाकात की और अपनी लंबित समस्याओं को लेकर उन्हें अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से अपनी दो मुख्य मांगें एक विभाग का निर्धारण और वेतन वृद्धि को लेकर बातचीत की। प्रदेशभर के 2739 कंप्यूटर ऑपरेटर 18 सितंबर से इन मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं, जिससे धान खरीदी की तैयारियों पर असर पड़ रहा है और सहकार से समृद्धि योजना का क्रियान्वयन भी ठप है।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष ऋषिकांत मोहरे ने बताया कि धान खरीदी ऑपरेटर 2007 से शासन के निर्देशानुसार नियुक्त हुए हैं, लेकिन 17 साल से एक विभाग के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उपाध्यक्ष विनोद जायसवाल ने वेतन वृद्धि की मांग उठाते हुए कहा कि वित्तीय निर्देशों के अनुसार शेष पेज 10 पर

## तूफान के साथ जमकर हुई बारिश से फसल है धराशायी

# लहलहाने लगी अर्ली वैरायटी की फसल, दशहरे के बाद कटेगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजिम





किसानों के मेहनत का परिणाम फसलों में सुनहरे बाली के रूप में दिखने लगा है। राजिम क्षेत्र के बड़े रकबे में अभी से लहलहाती फसल इस बात का संकेत दे रहा है कि उत्पादन अच्छी होने वाली है अगर कटाई तक सब कुछ सही सलामत रहा तो पूरा 16 आने की उम्मीद किसान लगा रहे हैं। खेतों में माथ नवाएं अर्ली वैरायटी की फसल पककर पीला सोने की तरह चमक रहा है। अधिकांश अर्ली वैरायटी फसल दशहरा के तुरंत बाद कटना शुरू हो जाएगी। इस तस्वीर में अलग-अलग दिख रहा दृश्य यह बताने के लिए काफी है कि मौसम का मार फसलों पर किस कदर पड़ रहा है। गुरुवार की सुबह 4 बजे राजिम और आसपास तेज आंधी -तूफान के साथ जमकर बारिश हुई जिसके कारण फसल जमीन में सो गया। दूसरी तस्वीर में फसल जो पक कर तैयार है सोने की तरह चमक रहा है। हालांकि ऐहितियात के तौर पर भूरा माहू का दवा का छिड़काव कर चुके हैं लेकिन आगे मौसम कैसा रहेगा यह उस पर निर्भर करेगा। तीसरी फसल की तस्वीर जो लेट वैरायटी सरना का है जिसमें तरह-तरह की बीमारी ब्लास्ट, पत्ती मोड़, भूरा माहो, छितरी का प्रकोप हो गया है जिसे कंट्रोल में करने तरह-तरह के कीटनाशक और रासायनिक दवा का प्रयोग किसान कर रहे हैं।

**मौसम में बदलाव, आंधी- पानी से किसान चिंतित-** बता दें कि अब सबसे ज्यादा मार मौसम का पड़ रहा है विकराल उमस, तेज गर्मी और आग उगलते सुर्य का गोला से लेकर अचानक मौसम में बदलाव आंधी, पानी से सारे किसान न केवल हलाकान है बल्कि चिंतित भी। क्वांर जैसे महीने में हल्की गुलाबी ठंड होनी चाहिए, शीत बरसना चाहिए जिसके बदले उमस भरी गर्मी जैसे अप्रैल-मई चलता है वैसा हो रहा है। लोग यह स्वीकारने लगे है कि प्रकृति के साथ अन्याय करने का यह नतीजा सामने आ रहा है। आने वाला समय और विकराल होगा।

### शराब पीने वाले व्यक्ति पर की गई कार्रवाई

**महासमुंद।** सांकरा थाना पुलिस ने ग्राम सल्डीह चौक सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन करते पाए जाने से एक व्यक्ति पर कार्रवाई की गई। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन करते एक व्यक्ति को ग्राम सल्डीह चौक पर पकड़ा। घटना स्थल पर जाकर आरोपी सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन करते पाया गया, जिसका नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम सुदामा अदावर पिता स्व. चिंगरू अदावर (36 साल) सल्डीह का रहना बताया है।

**पाठक सूचना**

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप



### आरती चालीसा में शामिल हो रहे श्रद्धालु

**छुईहा बेलर।** क्वांर नवरात्रि के पावन अवसर पर ग्राम बेलर शारदा चौक में प्रतिवर्ष के भांति इस वर्ष भी मां दुर्गा प्रतिमा की आकर्षक सुसज्जित पंडाल में विधि-विधान पुर्वक स्थापित किया गया है। जिनकी सुबह-शाम पंड़ा मोती लाल सोनी, चिन्ता राम सिन्हा, भवानी यादव, बालराम साहू के संग आरती चालीसा पूजा पाठ में समस्त ग्रामवासी सामुहिक शामिल हो रहे हैं। वहीं दूर्गा माता की रात्रि विश्राम पूर्व उनकी सेवा में जस गीत भजन गाकर अपनी श्रद्धा प्रकट कर रहे हैं।

### तीन माह से वेतन अप्राप्त सीईओ को लिखा पत्र

**अभनपुर।** नवा रायपुर सरपंच संघ ने विकास प्राधिकरण नवा रायपुर अंतर्गत कार्य कर रहे कर्मचारियो के वेतन भुगतान मे हो रहे विलंब को लेकर एनआरडीए सीईओ को पत्र लिखकर उक्त विषय पर त्वरित कार्यवाही की मांग की है। सरपंच संघ अध्यक्ष सुजीत घिदौड़े ने आवेदन के माध्यम से बताया कि नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण द्वारा बनाये गये सेंट्रल पार्क (गार्डन परिसर) एवं एकात्म परिसर में कार्यरत प्लेसमेंट एवं ठेका कर्मचारियों को विगत 3 माह से वेतन नही दिया जा रहा है जिससे कार्यरत कर्मचारी गंभीर व आर्थिक संकट का सामना कर रहे है बिना वेतन के इन कर्मचारियो की स्थिती दिन प्रतिदिन खराब होती जा रही है और उनके लिए घर का खर्चा चलाना भी मुश्किल हो गया है वेतन नही मिलने से कर्मचारियो के सामने बच्चो की पढ़ाई, किराया, चिकित्सा जैसी जरूरतो को पूरा करने की समस्या खड़ी हो गई है यदि जल्द वेतन नही दिया गया तो उनके लिए गुजर बसर करना मुश्किल होगा। श्री घिदौड़े ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी एनआरडीए से मामले पर तत्काल संज्ञान लेते कर्मचारियों के वेतन भुगतान समय सीमा में कराने संबंधित ठेकेदारों को निर्देश देने की मांग की है।

### खरोरा में गौ माता की पूजा अर्चना

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में पशु दिवस पर गौ माता की पूजा अर्चना की गई। जिसमें शिवकुमारी चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि धर्म में गौ माता को बहुत ही शुभ माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार माता लक्ष्मी का वास होता है और गौ माता की पूजा अर्चना करने से सभी देवी-देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त होता है। जो लोगों ने नियमित रूप से गौ माता की पूजा-अर्चना और सेवा करते हैं उनके जीवन में सुख-समृद्धि की कोई कमी नहीं होती है।

## निधन

### ज्योति धीवर

**अभनपुर।** ग्राम भटगांव(खोरपा) निवासी श्रीमती ज्योति धीवर (30) का 3 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम मे किया गया। वे सुनील धीवर के पत्नी थे।



**मांग : नारेबाजी कर मोदी की गारंटी को शिक्षकों के लिए तत्काल लागू करने की मांग की**

# सत्याग्रह पदयात्रा कर शिक्षक ने मांगा अपना अधिकार, कहा- केंद्र के समान दें मंहगाई भत्ता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फिंगेश्वर

संविलियन के बाद फिर शिक्षकों के सबसे बड़े आंदोलन का आगाज हुआ है। प्रदेश शिक्षक संघर्ष मोर्चा के बैनर तले शुक्रवार को राजधानी रायपुर में शिक्षकों ने अपनी ताकत दिखाई। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के प्रदेश संयोजक संजय शर्मा, वीरेंद्र दुबे, मनीष मिश्रा, विकास राजपूत के नेतृत्व में तूता रायपुर में धरना प्रदर्शन कर सत्याग्रह पदयात्रा निकालकर मुख्यमंत्री के नाम मांगों का ज्ञापन सौंपा।धरना प्रदर्शन में हजारों की संख्या में एल बी संवर्ग के शिक्षकों ने नारेबाजी करके सरकार का ध्यान आकृष्ट किया। गांधी के भेष में शिक्षक एलबी को सामने बैठाकर सरकार को यह संदेश दिया कि हम अपनी मांगों को लेकर संघर्ष के लिए तैयार हैं। टोपी में पुरानी पेंशन, पूर्ण पेंशन, वेतन विसंगति, क्रमोन्नति, पदोन्नति, लंबित डीए लिखकर जोरदार नारेबाजी करते हुए मोदी की गारंटी शिक्षकों के लिए तत्काल लागू करने की मांग की। मोदी की गारंटी में शिक्षक एलबी संवर्ग के वेतन विसंगति को दूर कर क्रमोन्नत वेतनमान देने व मंहगाई भत्ता देय तिथि से देने का उल्लेख है उसकी धरना प्रदर्शन में खूब चर्चा रही। मोदी की गारंटी लागू कराने नारेबाजी किया गया। धरना प्रदर्शन व सत्याग्रह पदयात्रा में प्रदेश संयोजक संजय शर्मा, वीरेंद्र दुबे, मनीष मिश्रा, विकास राजपूत, सुधीर प्रधान, वाजिद खान, देवनाथ साहू, बसंत चतुर्वेदी, मनोज सनाढ्य, शैलेंद्र पारीक, बसंत कौशिक, पूरन लाल साहू, विनोद सिन्हा, परमेश्वर निर्मलकर, ओमप्रकाश सोनकला हुलस साहू, जितेन्द्र सोनवानी, संतोष साहू, धवलेश्वर बेहरा, गोपाल वर्मा, अनिल वर्मा, दिनेश निर्मलकर, संजय यादव, डगेश्वर ध्रुव, कृपा राम बघेल, मानिक साहू, चेतन ध्रुव, कमलकिशोर ध्रुव, कमलेश त्रिवेंद्र, महेंद्र प्रधान, हरिश्चन्द्र यदु, रायबल सोरी, विषम्बर पटेल,धरमु नागेश मोहित ठाकुर सहित हजारों एल बी शिक्षक शामिल थे।

■ शिक्षकों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा



### जिला मुख्यालय में 14 को सौपेंगे ज्ञापन

ज्ञात हो शिक्षक मोर्चा द्वारा आगामी 2 माह का चरणबद्ध आंदोलन पूर्व सेवा गणना मिशन अभियान में तय किया गया है, जिसके तहत 14 अक्टूबर को सभी जिला मुख्यालय में ज्ञापन दिया जाएगा। 1 नवंबर राज्य स्थापना के दिवस प्रदेश भर के शिक्षक पूर्व सेवा गणना दीप जलाकर अधिकार मांगेंगे। 11 नवंबर को प्रदेश के 146 विकास खंड में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया जाएगा। 12 नवंबर से 24 नवंबर के बीच प्रदेश के मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद, विधायक को मांग पत्र सौपा जाएगा। 25 नवम्बर 2024 को इंद्रावती से महानदी भवन मुख्यालय तक पैदल मार्च कर मांग पत्र देंगे।

### एल बी संवर्ग को क्रमोन्नत व समयमान वेतनमान दें

जिन मांगों को लेकर सत्याग्रह पदयात्रा कर ज्ञापन सौंपा उसमें मोदी की गारंटी के तहत सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति दूर कर समस्त एल बी संवर्ग को क्रमोन्नत व समयमान वेतनमान प्रदान किया जावे। समतुल्य वेतनमान पुनरीक्षित वेतनमान में सही वेतन का निर्धारण कर 1.86 के गुणांक पर वेतन निर्धारण किया जावे। पूर्व सेवा अवधि की गणना करते हुए समस्त शिक्षक एलबी संवर्ग के पुरानी पेंशन को निर्धारित करें एवं भारत सरकार द्वारा 2 सितंबर 2008 को जारी आदेश के समान 33 वर्ष में पूर्ण पेंशन के स्थान पर 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन का प्रावधान किया जावे। माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा याचिका क्रमांक **WA**/261/2024 में डबल बैंच द्वारा पारित निर्णय दिनांक 28/02/24 के तहत सभी पात्र एल बी संवर्ग के शिक्षको के लिए क्रमोन्नति, समयमान का विभागीय आदेश किया जावे। शिक्षक व कर्मचारियों को केंद्र के समान 01 जनवरी 2024 से 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जाये तथा जुलाई 2019 से देय तिथि पर महंगाई भत्ते के एरियर राशि का समायोजन जीपीएफ, सीजीपीएफ खाता में किया जाए।

### अभिषेक बने किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष

**छुरा।** किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखपाल सिंह खेरा, प्रदेश के प्रभारी सचिन पायलट, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के अनुशंसा से अभिषेक मिश्रा को किसान कांग्रेस का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। मिश्रा ने कहा की पार्टी द्वारा उन्हें जो जिम्मेदारी प्रदान की गई है अपने पूरे लगन और निष्ठा के साथ निभाएंगे। और पूरे प्रदेश में किसानों के मांगों को लेकर प्रत्येक जिला विकासखंड में पहुंचकर किसानों को साथ लेकर प्रदेश में एक संगठन के साथ-साथ कांग्रेस के किसान नीतियों को घर-घर पहुंचाएंगे। उन्होंने चर्चा में कहा की प्रदेश के विष्णु देव सरकार द्वारा सभी वर्गों के लिए कई घोषणाएं की गई थी लेकिन घोषणाओं का पूरा पालन नहीं किया गया है। जिससे प्रदेश के किसानों सहित सभी वर्गों में काफी असंतोष है। इस दौरान बालमुकुंद मिश्रा , नथमल शर्मा, रमेश शर्मा, यशपेन्द्र शाह, समद खान, नियाज अहमद, सलीम मेमन, हरीश यादव, पंचराम टंडन, लोकेश्वर वर्मा, संदीप सोनी, मक्कू दीक्षित, समीम खान, रमेश चंद्राकर, प्रहलाद यादव , तिलक यादव, लोकराम यादव, वसुदेव बीसी जिलाध्यक्ष किसान कांग्रेस, फणीश दुबे प्रदेश उपाध्यक्ष किसान कांग्रेस, अवधराम साहू प्रदेश उपाध्यक्ष किसान कांग्रेस, मोतीराम साहू प्रदेश महामंत्री किसान कांग्रेस, नीरज ठाकुर प्रदेश महामन्त्री किसान कांग्रेस, देव सींग रात्रे प्रदेश महामंत्री किसान कांग्रेस, आशीष पाण्डे प्रदेश सचिव किसान कांग्रेस, दीपक चन्द्राकर ब्लॉक अध्यक्ष किसान कांग्रेस छुरा ने शुभकानाएं दी।



## जन्मदिन पर फोकटपारा किरवई स्कूल के बच्चों को कराया गया न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजिम

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला फोकटपारा किरवई में पदस्थ शिक्षक दिनेश्वर साहू ने अपने जन्मदिवस के उपलक्ष्य में स्कूली बच्चों को न्योता भोज दिया। न्योता भोजन में पालकों तथा शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों को भी आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा विद्यालय के बच्चों को खीर ,पुड़ी, चावल, दाल ,हरी सब्ज़ियाँ परोसा गया। उपास्थित जनों को सम्बोधित करते हुए शाला के प्रधान पाठक गैन्द राम साहू ने भारत सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रम प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत तथा छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 1 से 30 सितंबर तक जन आंदोलन के रूप में चलाए जा रहे राष्ट्रीय पोषण माह 2024 के तहत न्योता भोजन कराए जाने की जानकारी दी। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भोला साहू ने जन्मदिन की बधाई देते हुए शिक्षक द्वारा अपने जन्मदिन को स्कूली बच्चों के बीच मनाने एवं न्योता भोज देने की सराहना की। साथ ही गौरव गरियाबंद अंतर्गत आयोजित त्रैमासिक आंकलन परीक्षा के केंद्राध्यक्ष के रूप में पहुंचे राम नारायण सिन्हा ने शाला में सभी शिक्षकों एवं पालको को ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने प्रेरित किया और बताया कि आप भी जन्मसंस्कार, शुभविवाह , जन्मदिवस, शादी के सालगिरह आदि पर न्योता भोजन आयोजित कर सकते है। कार्यक्रम में केंद्राध्यक्ष रामनारायण सिन्हा, शाला के प्रधानपाठक गैंद राम साहू, शिक्षक दिनेश्वर साहू, गीता साहू, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भोला साहू, झामीन तारक, यशोदा सेन, यादराम साहू, ढेलिया ध्रुव, दीपक राजपूत सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं व पालक गण उपस्थित रहे।



## आसपास की सफाई पर दें विशेष ध्यान : साहू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छुईहा बेलर

खुटेरी हाई स्कूल की छात्राओं द्वारा बैनर पोस्टर एंव रैली निकाल कर लोगों स्वच्छता के प्रति जागरूकता किया। वहीं स्कूल प्रबंध समिति, शिक्षक स्टाप, ग्राम विकास समिति एवं ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों ने चौक- चौराहों पर झाडु लगाकर साफ-सफाई की। शाला प्रबंध समिति हाई स्कूल अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद साहू ने कहा की साफ सफाई स्वस्थ तन और मन के विकास के लिए अति आवश्यक है। हमें स्वयं और आसपास की सफाई पर विशेष ध्यान देना चाहिए जिससे हम तन, मन से स्वस्थ और स्वच्छ रहे। इस अवसर अध्यक्ष द्वारिका साहू, सेवा निवृत शिक्षक एल आर सेन, पूर्व सरपंच ढेलू राम निषाद, डॉ. गया राम सेन, नारायण साहू, पंचायत सचिव नूतन साहू, प्राचार्य बीएल ध्रुव, संतोष ठाकुर, अनिल कुमार बर्रे, एमएल तारक, वाय जोशी, सविता झा, अर्चना शर्मा, एस जोल्हे, ग्रामवासी एवं विद्यालय के सभी शिक्षक व छात्र- छात्राएं शामिल हुए।

■ खुटेरी में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत छात्रों ने सफाई कर निकाली रैली




## जीवन में स्वच्छता जरूरी है : लता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फिंगेश्वर

स्वच्छता पखवाड़ा के तहत 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक शालाओं में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इसी तारतम्य में शासकीय प्राथमिक शाला बारूला में शाला के प्रधान अध्यापिका लता ध्रुव द्वारा छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन में जरूरी है यदि हमारे आसपास स्वच्छ होंगी तो बीमारियां भी अपने आप कम हो जाती है। इस मौके पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष जगन्नाथ गुप्ता, जितेन्द्र साहू, अनुसूईया साहू, केशर साहू, राधिका साहू, रुखमनी, अनिता बांधे, शेखर साहू, शिक्षक हिरावन साहू, कमलकांत सेन, रितु ध्रुव एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।





### सालासर समिति ने दी हरिहर के 19 छात्रों की परीक्षा फीस

**नवापारा-राजिम।** सालासर सुन्दरकाण्ड जनकल्याण समिति द्वारा शासकीय हरिहर स्कूल के 19 छात्रों का 13 हजार 180 रुपए की परीक्षा फीस जमा की गई। समिति के संस्थापक राजू काबरा की जानकारी में आया कि 10वी एवं 12वीं बोर्ड के छात्र आर्थिक परिस्थितियों के कारण परीक्षा फीस जमा नही कर पा रहे हैं। इसके तुरंत बाद समिति के अध्यक्ष धरम साहू, नंदकिशोर राठी के साथ शाला पहुंचकर परीक्षा फीस जमा करवाया। ज्ञात हो कि हरिहर शाला विगत दो वर्ष से सेजेस होने के कारण छात्रों से शुल्क नही लिया जाता। मालूम हो कि यहां के होनहार बच्चों को 11वीं, 12वीं की मुख्य विषय की किताबें दी गई। समिति के इस सहयोग के लिए शाला विकास समिति के अध्यक्ष सौरभ 'सिंटू' जैन, प्राचार्य संध्या शर्मा, पीटीआई एसएन देवांगन, मीडिया प्रभारी सोमा शर्मा सहित शाला परिवार ने समिति का धन्यवाद किया।

## अग्रसेन जयंती पर हुए विविध कार्यक्रम

**नवापारा-राजिम।** अग्रवाल समाज एवं अग्रवाल नवयुवक मंडल के तत्वावधान में अग्रसेन जयंती महोत्सव का आयोजन गुरुवार को श्री वृन्दावन कुंज, राधाकृष्ण मंदिर में धूमधाम से मनाया गया। इस सुअवसर पर अग्रसेन चौक पर स्थित श्री भगवान अग्रसेन जी की आरती, पूजा अर्चना एवं दीयों से सजावट की गई। एवं विभिन्न प्रकार के खेल एवं रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिनमें छोटे बच्चों के लिए रैंप वाक एंड डांस, म्यूजिकल चेयर, हौजी, माइंड फन गेम, ओपन गेम्स एवं अन्ताक्षरी प्रमुख है। उल्लेखनीय है की अग्रसेन जयंती का आयोजन अग्रवाल समाज द्वारा प्रतिवर्ष किया जाता है जिसमें नगर के सभी अग्रबंधु बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते है एवं एक परिवार के रूप में अपने पितामह श्री अग्रसेन भगवान जी की जयंती मनाते है। अग्रसेन जयंती एवं नवरात्रि के पावन अवसर पर ही अग्रवाल नवयुवक मंडल द्वारा तीन दिवसीय गरबा नाइट्स का भी आयोजन दिनांक 7,8,9 अक्टूबर को राधा कृष्णा मंदिर में किया जा रहा है जिसका समय साथ 7 से रात्रि 10 बजे तक है। गरबा एक सांस्कृतिक नृत्य कला है जो सभी धर्म के लोगों में लोकप्रिय है। उक्त नगर स्तरीय कार्यक्रम नगर के सभी जाति, धर्म एवं वर्गों के लिए है एवं इसमें एंकर, कोरियोग्राफर, डीजे, लाइट एंड साउंड सभी रायपुर से बुलाए गए हैं। अग्रवाल नवयुवक मंडल द्वारा नगर के सभी प्रमुख स्थानों पर उक्त आयोजन के लिए क्लेक्स, बैनर लगाए गए हैं एवं नगर में प्रथम बार होने वाले इस तरह के आयोजन के लिए अग्रवाल नवयुवक मंडल सभी को आमंत्रित करता है।



## स्कूल पीछे उगी कंटीली झड़ियों की सफाई नहीं



हरिभूमि न्यूज ▸▸ मुड़ागांव(कोरासी)

छुरा विकास खण्ड के ग्राम पंचायत खड़मा के प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला के पीछे खरपतवार व झाड़ियां उग गई हैं। इसके अलावा गंदगी भी फैली हुई है। ग्रामीणों ने बताया की सरपंच सचिव को इसको सफाई करने के लिए कई बार बोला गया लेकिन ध्यान नहीं दे रहे हैं और स्कूल के पीछे गंदगी है।

**महाराजा खोरा देवान की मूर्ति अनावरण में क्षेत्रभर के लोग हुए शामिल**

# आदिवासी समाज ने संगठित रहकर भाईचारा बढ़ाने का कार्य किया : ओंकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर से 03 किमी दूर नेशनल हाईवे में बसा ग्राम गौरघाट में शुक्रवार को विशाल कार्यक्रम आयोजित कर भाठीगढ़ ग्राम गण राज्य के संस्थापक महाराज खोरा देवान की आदमकद मूर्ति का विधिवत आदिवासी रीति रिवाज अनुसार पूजा अर्चना कर अनावरण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज परिवार छुरा के सदस्य एवं पूर्व विधायक ओंकार शाह, केन्द्रीय अमात गोंड़ समाज के सलाहकार लोकेन्द्र कोमर्रा, जिला पंचायत सभापति श्रीमती लोकेश्वरी नेताम, वरिष्ठ आदिवासी नेता महेन्द्र नेताम, अमात गोंड़ समाज भाठीगढ़ राज के अध्यक्ष गुजरात कमलेश, अमृतलाल नागेश, टीकम कपिल, पवन दिवान, सरपंच खेलन दिवान, सियाराम ठाकुर, मुख्तियाज दिवान, छबि दिवान, प्रेमसाय जगत, लछीन्दर दिवान विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ देवी-देवताओं की पूजा अर्चना कर किया गया और मूर्ति अनावरण समारोह मे पांच हजार से ज्यादा की संख्या में समाज व क्षेत्र के लोग शामिल हुए।

आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्रीय अमात गोंड़ समाज के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक कुमार ओंकार शाह ने कहा की गोपालपुरिया नेताम परिवार द्वारा आज अपने पूर्वजों के सम्मान में यहां जो कार्यक्रम आयोजित किया गया है निश्चित रूप से यह कार्यक्रम से समाज व क्षेत्र में अच्छा संदेश जायेगा। भाठीगढ़ राज के संस्थापक के नाम से जाने व पहचाने जाने वाले खोरा देवान की मूर्ति का आज अनावरण किया गया है श्री शाह ने कहा की हमारे पूर्वज मालगुजार व विभिन्न विभिन्न क्षेत्रे के जमींदार के रूप मे सिर्फ अपने ही परिवार समाज के लिए नहीं बल्कि पूरे राज्य मे निवास करने वाले सभी जाति वर्ग के हितो की रक्षा के लिए कार्य किया है और क्षेत्र मे भाईचारा कायम किया है क्षेत्र मे कोई भी जाति वर्ग के लोग निवास करते है उनके संरक्षण और उनके विकास के लिए हमारे पूर्वजों ने कार्य किया है और यह सिलसिला आज भी जारी है क्षेत्र के लोगों के द्वारा हमारे परिवार को बहुत सम्मान शुरू से दिया जा रहा है।

### आदिवासी संस्कृति और धरोहर को संभालकर रखने की जरूरत

जिला पंचायत सभापति श्रीमती लोके"वरी नेताम ने कहा पूरे क्षेत्रभर के आदिवासी नेताम परिवार द्वारा सहयोग राशि एकत्र कर आज यहां विशाल कार्यक्रम आयोजित अपने पुरखो की याद मे कार्यक्रम का आयोजन किया गया है यह कार्यक्रम समाज को जहां दिशा देगा वहीं आदिवासी संस्कृति और धरोहर को हमें संभालकर रखने की जरूरत है। इस मौके पर प्रमुख रूप से नाथूराम धुर्वा, फरसूराम नेताम, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, थानूराम पटेल, गौकरण धुरवा, लछीन्दर दिवान, धनसाय नागेश, सुखराम नागेश, बुधराम नेताम, डॉ. तनुजा ठाकुर, मुकेश कपिल, गोपी नेताम, युवराज नेताम, चन्द्रकिशोर नागेश, तिलक राम दिवान, रब्बे सिंह, नारायण नेतामकंवर राम, नरेन्द्र ध्रुव सहित हजारो की संख्या में आदिवासी समाज व क्षेत्र के लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन महेन्द्र नेताम एवं आभार प्रदर्शन जिला पंचायत सभापति लोकेश्वरी नेताम ने किया।





